Reg. No. | | | | | | | | |

BCMHDL 254

Credit Based Fourth Semester B.Com. Degree Examination, April/May 2017
(2016-17 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE (Group – I) (Paper – IV)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक शब्द या वाक्य** में उत्तर लिखिए : **(1×5=5)**

1) विक्रमादित्य कौन है ?
2) कर्मवती हुमायूँ को क्या भेजती है ?
3) शेरखाँ से लड़ने के बजाए हुमायूँ कहाँ जाता है ?
4) युद्ध के कारण बहादुरशाह को क्या खोना पड़ा ?
5) श्यामा के अनुसार जीवन क्या है ?

II. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(5×3=15)**

1) किस कौम की औरतें मौत को इस तरह हँसते – हँसते गले लगा सकती हैं ?
2) बहन का रिश्ता दुनिया के सारे सुखों, दौलतों, ताकतों और सल्तनतों से बढ़कर है ।
3) चलो बेटा, मेवाड के महलों के गद्दों पर नहीं, मेवाड की धूल पर ही तुम्हारा वास्तविक आसन है ।
4) दुनिया के हर इनसार को अपने दिल के मुहब्बत के दरिया में डुबा लेना है ।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(10×2=20)**

1) 'रक्षाबन्धन' नाटक के आधार पर कर्मवती की वीरता का परिचय दीजिए ।
2) 'रक्षाबन्धन' नाटक की कथा लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
3) 'हुमायूँ' ने भाई के कर्तव्य को कैसे निभाया ? 'रक्षाबन्धन' नाटक के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
4) बहादुरशाह और मुल्लूखाँ के संवाद को लिखिए ।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए । **(5×2=10)**

1) बहादुरशाह ।
2) जवाहरबाई ।
3) शाह शेख ।
4) भीलराज ।

P.T.O.

V. अ) भारत सरकार, गृह मंत्रालय के अवर सचिव को एक कार्यालय ज्ञापन भेजा था । उत्तर न प्राप्त होने के कारण एक अनुस्मारक तैयार कीजिए । (5×1=5)

अथवा

आपने लोक भारती प्रकाशन, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद–1 से कुछ किताबें मंगवाई हैं वे आदेश के अनुसार नहीं हैं । इसकी शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए ।

आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

मानसिक संस्कार का सम्बन्ध बड़ी–बड़ी डिग्रियों से नहीं है । ये संस्कार घर से और परिवार से ही प्राप्त होते हैं । अच्छे संस्कारों की पहचान मधुरता, गम्भीरता, नेक सलाह, सद्भाव, सहकारिता आदि गुणों के द्वारा होती है । सद्व्यवहार की सबसे बड़ी पहचान यह है कि व्यक्ति को दूसरे के प्रति वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा व्यवहार वह दूसरों से अपने लिए चाहता है । आप के अच्छे संस्कारों से ही अच्छा व्यक्तित्व परिलक्षित होता है । अच्छे व्यक्तित्व वाला, मूर्ख एवं अक्खड़ साथी को भी धीरे–धीरे उससे बिना लड़ाई किए, उसे सद्व्यवहार के पथ पर ले आता है । यही उसकी जीत है । हम जिस प्रकार की संगति में बैठेंगे, हमें वैसा ही फल भी प्राप्त होगा । अच्छे लोगों की संगति में हम अच्छे और बुरे लोगों की संगति में बुरे बन जाते हैं । स्वाति नक्षत्र में बरसने वाली पानी की जो बूँद साँप की संगति में विष बन जाती है, वही सीप की संगति में मोती बन जाती है । सत्संगति हमारे चरित्र का विकास करती है और सद्व्यवहार को प्रभावशाली बनाती है । अतः मानव को सदा अच्छे, सदाचारी तथा कर्मठ लोगों की संगति में ही रहना चाहिए ।

प्रश्न :

1) मानसिक संस्कारों की प्रप्ति कहाँ से शुरू होती है ?

2) अच्छे व्यक्तित्व की पहचान क्या है ?

3) सद्व्यवहार को प्रभावशाली बनाने के साथ–साथ सत्संगति किस का विकास करती है ?

4) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या है ?

5) गद्यांश के अनुसार हमारी संगति के लोग कैसे होने चाहिए ?

VI. अ) इंडियन एक्सप्रेस में विज्ञापित हिन्दी अफसर पद के लिए कर्नाटक बैंक बेंगलूर के व्यवस्थापक के नाम एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । (5×1=5)

आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए जो मूल से एक तिहाई ($1/_3$) से आधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए । **(5×1=5)**

कोई–कोई चीज़ एक व्यक्ति या संस्था के द्वारा ही मिलती है । इसे हकदारी कहते हैं । चंदन पर सरकार की हकदारी है । मैसूर का चंदन संसार में सर्वश्रेष्ठ है । चंदन का साबुन, तेल और चंदन की लकडी सरकार के द्वारा निश्चित दाम पर निश्चित एजेंट ही बेचते हैं । सरकार के निश्चय के अनुसार चंदन का दाम घटाया–बढ़ाया जाता है, क्योंकि इस व्यापार में सरकार के साथ होड करने वाली दूसरी कोई संस्था नहीं हैं । फिर भी इसका दाम घटाने–बढाने की सीमा होती है । अगर माल का मूल्य इतना बढ़ाया कि माल बिके ही नहीं, तो माल की खपत घट जाये तब हकदार को नुकसान हो । इन सब बातों का ख्याल कर चंदन का विक्रय मूल्य निश्चित किया जाता है । ऐसी वस्तु का मूल्य हकदारी मूल्य कहलाता है । मैसूर का रेशम सारे संसार में गुण और टिकाऊपन के लिए प्रसिद्ध है । कम दामों पर बिकनेवाले रेशमी कपडों के होते हुए भी मैसूर का रेशम हर कहीं बराबर खपता है । और यह सरकार द्वारा निश्चित दाम पर ही बिकता है । हाथी – दाँत की चीजें भारत में बनायी जाती हैं । परन्तु इन चीजों की बिक्री में होड करने वाले कम हैं । इस लिए इसका दाम करीब–करीब हकदारी का सा होता है ।

VII. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×2=10)**

1) सॉनी इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनी की ओर से ' सोनी मोबैल' (Sony mobile) के विज्ञापन का एक प्रारूप तैयार कीजिए ।

2) आप अपने कॉलेज के वार्षिकोत्सव के संदर्भ में एक ब्यानर तैयार कीजिए ।

3) 'रक्तदान जीवन दान' सामान्य लोगों को इस की सूचना देते हुए एक भित्ति–पत्र तैयार कीजिए ।